प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक-03.12.2024

- **कानपुर देहात पुलिस का मानवीय चेहरा: लगभग 05-06 वर्षों से घर से गुमशुदा अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति को परिजनों से मिलाया।**
- **परिजनों का संपर्क सूत्र खोजने में सी-प्लान एप बनी मददगार।**

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.12.2024 को चौकी प्रभारी कांधी मय हमराह फोर्स के साथ शाम के समय गस्त कर रहे थे तभी कानपुर इटावा हाईवे पर ग्राम कांधी में एक व्यक्ति अर्ध विक्षिप्त हालत में शरीर पर केवल पैंट पहने हुए एवं बिना जूता/चप्पल के घूमता हुआ दिखाई दिया। जिनके पास जाकर पूछताछ की गई तो कुछ नहीं बता पा रहा था। उक्त व्यक्ति को हाईवे से पुलिस द्वारा चौकी कांधी पर लाया गया जहां पर उनके द्वारा भूखे और प्यासे होने की बात कही गयी। उनको चौकी पर बैठाकर हाथ पैर धुलवा कर कपड़े एवं चप्पल पहनाई गई तथा खाना खिलाया गया एवं पानी पिलाया गया। खाना खाने के पश्चात उक्त व्यक्ति से काफी प्रयास कर नाम पता पूछा गया तो अर्ध विक्षिप्त होने के कारण कुछ ठीक से नहीं बता पा रहा था। कई बार पूछने पर कुछ देर बाद उसने अपना नाम मलखान सिंह पुत्र अमीचंद निवासी गिन्नौर देह माफी थाना पकवाड़ा जिला मुरादाबाद बताया एवं इधर-उधर की बातें करते रहे। तत्पश्चात चौकी प्रभारी कांधी द्वारा सी-प्लान ऐप के माध्यम से ग्राम प्रधान गिन्नौर देह माफी का मोबाइल नंबर प्राप्त कर संपर्क किया गया एवं उक्त व्यक्ति के फोटो व्हाट्सएप से शेयर किए गए तो ग्राम प्रधान द्वारा पुष्टि की गयी कि उक्त व्यक्ति उनके गांव निवासी मलखान सिंह ही है जो लगभग 05-06 वर्षों से घर से गायब है, घर वाले काफी परेशान हैं और इनको काफी ढूंढते रहे परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। ग्राम प्रधान द्वारा उनके बड़े भाई अनूप सिंह से चौकी प्रभारी कांधी की वार्ता कराई गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यह मेरे छोटे भाई हैं जोकि शादीशुदा

हैं। वह दिमागी रुप में बीमार थे व लगभग 05-06 वर्ष पूर्व जब उनकी पत्नी और बच्चे मायके में थे तभी यह घर से निकल आए थे। लगभग 01 वर्ष पूर्व उनकी पत्नी का टीबी की बीमारी होने के कारण देहांत हो गया एवं दो दिन पूर्व छोटे बेटे देव उम्र करीब 12 वर्ष का टीबी की बीमारी के कारण देहांत हो गया है। इनका एक बेटा लकी उम्र करीब 14 वर्ष है। सूचना के आधार पर मलखान सिंह के बड़े भाई अनूप सिंह अन्य लोगों के साथ आज दिनांक 03/12/24 को चौकी कांधी पर उपस्थित आए। जिनको देखकर मलखान सिंह द्वारा पहचान लिया गया एवं उनके साथ जाने के लिए तैयार हो गए। पुलिस द्वारा मलखान सिंह को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया । 05-06 वर्षों के बाद अपने भाई से मिलने पर बड़े भाई अनूप सिंह व अन्य परिजनों द्वारा काफी खुशी व्यक्त की गई एवं पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह चौकी प्रभारी कांधी
2. हे0का0 340 हरगोविंद सिंह